# राजकीय महाविद्यालय झण्डूत्ता

## जिला बिलासपुर (हि०प्र०)

## वार्षिक प्रतिवेदन

## 2018-19

ESTD.- 2007

## दसवां वार्षिक पारितोषिक-वितरण समारोह

## दिनाँक 04 अप्रैल, 2019

## मुख्यातिथि

## श्री विवेक भाटिया (IAS)

उपायुक्त, जिला बिलासपुर (हि०प्र०)

प्रस्तुतकर्त्री
प्रो० नीना वासुदेवा
प्राचार्या

# राजकीय महाविद्यालय झण्डूता

जिला बिलासपुर (हि०प्र०) सत्र 2018-19

## वार्षिक-प्रतिवेदन

महोदय,

राजकीय महाविद्यालय झण्डूता, जिला बिलासपुर (हि०प्र०) के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के शुभ अवसर पर समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से आज मुख्यातिथि **श्री विवेक भाटिया (IAS) उपायुक्त, जिला बिलासपुर (हि०प्र०)** का हार्दिक अभिनन्दन है। यह दिवस किसी भी शिक्षण संस्थान के लिए विशेष महत्व रखता है क्योंकि इस दिन संस्था के मेधावी छात्र-छात्राओं को विभिन्न क्षेत्रों में उनकी वर्ष भर में प्राप्त विशिष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया जाता है। यह हमारे विद्यार्थियों का सौभाग्य है कि वे आज ऐसे प्रतिष्ठित एवम् विशिष्ट महानुभाव के कर कमलों द्वारा पुरस्कृत होंगे, जो स्वयं लगन, कर्मठता, साहस और सफलता के प्रतीक हैं।

महोदय,

आज के वार्षिक उत्सव पर हमारा समस्त महाविद्यालय परिवार आपको अपने मध्य पाकर अत्यन्त हर्ष और गौरव अनुभव कर रहा है।

**महाविद्यालय की स्थापना :-**

इस महाविद्यालय की स्थापना सन् 2007 में हुई थी। नौ वर्ष स्थानीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के परिसर में बिताने के उपरान्त जुलाई 2016 में महाविद्यालय को अपना भवन मिल गया है। इस महाविद्यालय में कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय की स्नातक स्तर तक की कक्षायें चल रही हैं।

**कर्मचारी सम्बन्धी विवरण :-**

सरकार द्वारा तीनों संकायों कला, विज्ञान एवं वाणिज्य के लिए कुल अठारह पद स्वीकृत किये गए हैं। जिनमें से कला संकाय में 09, वाणिज्य में 02 एवं विज्ञान संकाय में 05 प्राध्यापक कार्यरत हैं। कार्यालय स्टाफ के कुल छः पद स्वीकृत हैं जिसमें से 04 पद रिक्त हैं। पुस्तकालय में स्वीकृत चार पदों में से तीन पद रिक्त हैं। प्रयोगशाला परिचरों के लिए 05 पदों में से 03 पद भरे हुए हैं।

वाणिज्य संकाय में शिक्षण 2016 में आरम्भ हुआ। इस संकाय में वर्तमान में दो पद सृजित हैं। विज्ञान संकाय भी 2017 सत्र से ही प्रारम्भ हुआ। इस संकाय में वनस्पति विज्ञान विषय में कोई पद सृजित नहीं है।

विज्ञान संकाय में वनस्पति विज्ञान विषय में राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं से एक प्राध्यापक प्रो० प्रवीण सांख्यान प्रतिनियुक्ति पर हैं। भौतिक विज्ञान में डॉ० घनश्याम आर्या की प्रथम नियुक्ति यहाँ पर हुई। जीव विज्ञान में प्रो० कमलेश कुमारी का स्थानान्तरण राजकीय महाविद्यालय ढ़लियारा से यहाँ को हुआ। इसके साथ ही रसायन विज्ञान में डॉ० विजय कुमार राजकीय महाविद्यालय बंगाणा से स्थानान्तरित होकर यहाँ कार्यभार ग्रहण किया। प्रो० रिपन कुमार ने रसायन विज्ञान विषय में राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं से स्थानान्तरित होकर इस महाविद्यालय में कार्यभार ग्रहण किया। वाणिज्य संकाय में प्रो० अमित कुमार राजकीय महाविद्यालय कफोटा जिला सिरमौर से स्थानान्तरित होकर इस महाविद्यालय में आए। कला संकाय में प्रो० राजेश ठाकुर ने हिन्दी विभाग में राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर जिला मण्डी से स्थानान्तरित होकर कार्य भार ग्रहण किया। अंग्रेजी विभाग में प्रो० अनुप्रिया ने राजकीय महाविद्यालय बंगाणा से स्थानान्तरित होकर इस महाविद्यालय में कार्यभार सम्भाला। संस्कृत विषय में डॉ० नवीन कुमार राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं से स्थानान्तरित होकर यहाँ पद का कार्यभार ग्रहण किया। राजनीतिक शास्त्र विषय में प्रो० शालिनी कुमारी राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं से स्थानान्तरित होकर इस महाविद्यालय में आए। जबकि संस्कृत विषय में डॉ० आर०डी०शर्मा का स्थानान्तरण यहाँ से राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं को हुआ। रसायन विज्ञान विषय में डॉ० अमित कुमार का स्थानान्तरण राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं तथा राजनीतिक शास्त्र विषय में प्रो० सीता राम का स्थानान्तरण राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर को हुआ। श्री बलवीर सिंह पुस्तकालयाध्यक्ष ने इसी सत्र में कार्यभार ग्रहण किया। प्रयोगशाला परिचर श्री सीता राम ने यहाँ कार्यभार ग्रहण किया जबकि लिपिक श्रीमती इन्दू का स्थानान्तरण राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बिलासपुर को हुआ। श्रीमती ऊषा शर्मा पुस्तकालयाध्यक्षा की यहाँ से सेवानिवृत्ति सत्र 2018 में हुई।

**छात्रों का प्रवेश :-** इस सत्र में कुल 503 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। जिनमें 181 लड़के व 322 लड़कियाँ हैं।

**Category wise enrolement of students as on 06-2018-19 in f/o Govt. College Jhandutta Distt. Bilaspur (H.P.)**

| Sr. No. | Name of Class | All Communities | | | SC | | | ST | | | OBC | | | GEN | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Boys | Girls | Total | Boys | Girls | Total | Boys | Girls | Total | Boys | Girls | Total | Boys | Girls | Total |
| 1. | B.Com $1^{st}$-Year | 33 | 16 | 49 | 5 | 5 | 10 | 0 | 0 | 0 | 7 | 0 | 7 | 21 | 11 | 32 |
| 2. | BA $1^{st}$- Year | 32 | 92 | 124 | 12 | 37 | 49 | 0 | 4 | 4 | 5 | 4 | 9 | 15 | 47 | 62 |
| 3. | B.Sc.$1^{st}$ /$3^{rd}$ Sem. | 23 | 20 | 43 | 2 | 5 | 7 | 1 | 0 | 1 | 2 | 0 | 2 | 18 | 15 | 33 |
| 4. | B.Com. $3^{rd}$ Sem | 36 | 25 | 61 | 8 | 8 | 16 | 1 | 0 | 1 | 5 | 1 | 6 | 22 | 16 | 38 |
| 5. | BA $3^{rd}$- Sem | 14 | 68 | 82 | 5 | 28 | 33 | 1 | 1 | 2 | 0 | 4 | 4 | 8 | 35 | 43 |
| 6. | B.Com. $5^{th}$ Sem | 33 | 24 | 57 | 2 | 4 | 6 | 0 | 0 | 0 | 2 | 2 | 4 | 29 | 18 | 47 |
| 7. | BA $5^{th}$ Sem | 10 | 77 | 87 | 2 | 24 | 26 | 0 | 1 | 1 | 0 | 4 | 4 | 8 | 48 | 56 |
| | **Total =** | **181** | **322** | **503** | **36** | **111** | **147** | **3** | **6** | **9** | **21** | **15** | **36** | **121** | **190** | **311** |

**परीक्षा परिणाम :-**

रूसा प्रणाली के अन्तर्गत जो छठा सत्र 2018 में पास आउट हुआ जिसमें कुल 78 विद्यार्थी थे उनमें 02 विद्यार्थियों को O ग्रेड, 19 विद्यार्थियों को A++ ग्रेड, 19 विद्यार्थियों को A+ ग्रेड, 8 विद्यार्थियों को A ग्रेड तथा 06 विद्यार्थियों को B+ ग्रेड प्राप्त हुआ।

**महाविद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजनः-**

1) 11 जुलाई 2018 को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया।

2) 14-07-2018 को महाविद्यालय के वाणिज्य संकाय द्वारा GST पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें सेवानिवृत प्राचार्य श्री अशोक ठाकुर, श्री एच०एस० परमार द्वारा वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों को GST के लाभ, रोजगार के अवसर पर विस्तृत जानकारी दी गई। जिसमें मुख्य अतिथि स्थानीय महाविद्यालय के प्राचार्य रहे तथा कॉमर्स विभागाध्यक्ष डॉ० पी०एल० भाटिया व प्रो० अमित कुमार उपस्थित रहे।

3) 26 जुलाई 2018 को प्लास्टिक प्रदूषण के नुकसान की जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

4) 25 अगस्त 2018 को लिंग भेद भाव के प्रति जागरूकता का आयोजन किया गया।

5) 31 अगस्त 2018 को ईको क्लब के सौजन्य से युवा दिवस मनाया गया। जिसमें कर्नल देवेन्द्र सिंह द्वारा वक्तव्य दिया गया।

6) 5 सितम्बर 2018 को शिक्षक दिवस का महाविद्यालय में आयोजन किया गया।

7) 29 सितम्बर 2018 को 'सर्जिकल स्ट्राइक डे' आयोजित किया गया जिसमें कैप्टन अनन्त राम जी ने सैनिकों के अदम्य साहस और उनके समर्पण एवं निष्ठा का सन्देश दिया।

8) भाषा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला द्वारा राज्य स्तरीय राजभाषा हिन्दी प्रतियोगिता में इस शैक्षणिक सत्र में महाविद्यालय के आठ प्रतिभागियों ने निबन्ध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, कविता पाठ व प्रश्नोत्तरी परीक्षा में भाग लिया।

9) 06-10-2018 को Rovers and Ranger Unit का शुभारम्भ किया गया। इस कार्यक्रम में Rovers and Ranger Unit समन्वयक बिलासपुर डॉ० सुरेश शर्मा जी ने शिरकत की।

10) 11-10-2018 में 'Career Counselling and Guidance' कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें श्री हंस राज गुप्ता जिला रोजगार अधिकारी, श्री राजेश मैहत्ता व श्री संजीव जी उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को कैरियर से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी तथा व्यावसायिक शिक्षा पर बल दिया।

11) 17-10-2018 को नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में स्वास्थ्य की जाँच के लिए डॉ० अभिषेक, डॉ० अजय, डॉ० रचना, श्री पंकज धीमान, श्री शीतल कुमार एवम् श्रीमती रेखा जी उपस्थित रहे।

12) 20-10-2018 को महाविद्यालय में 'आयोडीन दिवस' के उपलक्ष्य पर भाषण-प्रतियोगिता व नारा लेखन प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें भाषण-प्रतियोगिता में तमन्ना, वीणा तथा मंजू ने क्रमश: पहला, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया। नारा-लेखन में प्रियंका, खुशबू और अरसा ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

13) 22-11-2018 को 'देश भक्ति व राष्ट्र निर्माण' विषय पर भाषण-प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें नौ प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

14) 06-12-2018 को 'नशा निवारण' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें स्वास्थ्य शिक्षक श्री प्रवीण शर्मा ने विद्यार्थियों को नशे के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देकर लाभान्वित किया।

15) 19-12-2018 को चितकारा विश्वविद्यालय के प्रो० के० डी० एस० वेदी ने 'कैरियर काऊसलिंग एण्ड गाईडेंस' कार्यशाला में व्यावसायिक शिक्षा की जानकारी देकर विभिन्न कार्सों के बारे में अवगत करवाया।

16) 31-12-2018 को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें डॉ० ज्योत्सना गुलेरिया, डॉ० अभिषेक शर्मा व डॉ० अजय के नेतृत्व में महाविद्यालय के विद्यार्थियों का चेकअप किया। स्वास्थ्य शिक्षण प्रवीण शर्मा ने विद्यार्थियों को HIV, TB इत्यादि की जानकारी दी व दवाईयाँ नि:शुल्क वितरित की।

17) 14-15 फरवरी 2019 के राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) द्वारा उपलब्ध संसाधनों के आधार पर महाविद्यालय का मूल्यांकन किया। इसमें पूर्व-कुलपति डॉ० मीना राजीव चन्दवारकर, डॉ० सुष्मिता प्रसाद पानी तथा डॉ० महारूद्रा केकरे उपस्थित रहे।

18) 26-02-2019 को विज्ञान संकाय व वाणिज्य संकाय की संबद्धता के लिए हि०प्र०वि० शिमला से आई टीम ने निरीक्षण किया जिसमें प्रो० कमलजीत, डॉ० प्रेम लाल शर्मा, डॉ० प्रकाश चन्द चन्देल, डॉ० दूनी चन्द, डॉ० भामिक आजमी जी उपस्थित रहे।

19) 07-03-2019 को एथलैटिक मीट का आयोजन किया गया जिसमें विशिष्ट अतिथि पी०टी०ए० प्रधान श्री हेम राज चन्देल उपस्थित रहे। इसमें विभिन्न खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया गया।

**पुस्तकालय :-** इस समय पुस्तकालय में 3143 विभिन्न विषयों की पुस्तकों का संग्रह है, तथा प्राध्यापकों के सहयोग से 188 बुक बैंक का इसी सत्र सृजन किया गया। श्री बलवीर सिंह पुस्तकालयाध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहे हैं। छात्रों के उपयोग हेतु 05 समाचार पत्र व 07 पत्रिकाऐं लगवाई गई हैं।

**क्रीडा-गतिविधियाँ :- प्रभारी डॉ० पी० एल० भाटिया**

इस महाविद्यालय में क्रीडा प्रतियोगिताओं के लिए मूलभूत अधोसंरचना एवं प्रशिक्षक का नितांत अभाव है फिर भी हमने अपने स्तर पर विद्यार्थियों को यथासम्भव सुविधाएं देने का प्रयास किया है। शारीरिक शिक्षा प्राध्यापक का पद सृजित न होने के कारण डॉ० पी०एल० भाटिया इसका कार्य देख रहे हैं। एथलेटिक मीट का आयोजन 07-03-2019 को हुआ जिसमें 100 मीटर रेस, डिसकस थ्रो, भाला फैंक, चक्का फैंक, गोला फैंक प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया। विभिन्न परिणामों के आधार पर दीक्षा कुमारी बी०ए० चतुर्थ सत्र को महिला वर्ग एवं विजय कुमार कॉमर्स चतुर्थ सत्र को पुरुष वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। हि०प्र० विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें कि महाविद्यालय के निम्नलिखित पुरुष व महिला वर्ग में विभिन्न महाविद्यालयों में भाग लिया :-

| S.No. | Name of Team | M/W | Vanue | Date | Position |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Kabbadi | Men | GDC Nalagarh | 10-09-18 to 13-09-18 | Participation |
| 2. | Volley ball | Men | G.College Rampur Buhshahar | 14-09-18 to 19-09-18 | Participation |
| 3. | Volley ball | Women | G.C. Joginder Nagar | 29-09-18 to 04-10-18 | - do - |
| 4. | Badminton | Men | G.C. Mandi | 02-10-18 to 06-10-18 | - do - |
| 5. | Boxing | Men | G.C. Sunni Shimla | 03-10-18 to 06-10-18 | - do - |
| 6. | Wrestling | Men | Maha Raja Laxam Sain Memorial College Sunder Nagar | 09-10-18 to 14-10-18 | Bronz Medal |

**प्राध्यापकों की उपलब्धियाँ एवं शिक्षणेत्तर गतिविधियाँ :-**

1) प्रो० प्रेम सिंह कटवाल ने International Journal of Humanities and social studies नामक अन्तर्राष्ट्रीय जनरल में Development and Infrastructure Disparity across India Hill States : An Analysis विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। इसके साथ ही इन्होंने Himalayan General of Contemporary research नामक Journal में Gender Disparity among Indian Himalayan states : An Empirical study (January to June 2018) व Development policies and programme in Indian Hill States : An Analysis (July to Dec. 2018) विषयों पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

प्रो० शालिनी सहायक आचार्य राजनीतिशास्त्र ने डिज़िटल इण्डिया के लाभ हानियाँ विषय पर राष्ट्रीय सेमीनार राजकीय महाविद्यालय जुखाला में शोध–पत्र प्रस्तुत किया। प्रो० अनुप्रिया ने एक दिवसीय सेमीनार में राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में भाग लिया और Research consultancy and Innovative Practices विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

डॉ० विजय कुमार ने एक दिवसीय सेमीनार में राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में Research consultancy and Innovative Practices विषय पर भाग लिया व साथ ही उन्होंने Indian Institute of Science बेंगलुरू में आयोजित रिफ्रेशर प्रोग्राम में दिनाँक 22 नवम्बर 2018 से 22 दिसम्बर 2018 तक भाग लिया।

**महाविद्यालय की उपलब्धियाँ :-**

महोदय, यद्यपि हमारे पास संसाधनों का पर्याप्त अभाव है तथापि विद्यार्थियों को सुविधा देने का हमारा प्रयास निरन्तर जारी है। इस सत्र में विद्यार्थियों को सुविधा पहुँचाने के उद्देश्य से निम्न कार्य किए गए।

1) दो स्मार्ट क्लास रूम स्थापित किए गए व उनमें CCTV कैमरे लगवाए गए।
2) दो विज्ञान प्रयोगशालाओं में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए उपकरण व हॉल में फ्लोर मैट लगवाया जिसके लिए 4,86,632 रूपये खर्च किये गए।
3) विद्यार्थियों को सुविधा पहुंचाने के उद्देश्य से महाविद्यालय में इस सत्र में संगणक प्रयोगशाला (Computer Lab) स्थापित की गई जिसमें दस संगणक लगाए गए जिसका खर्चा 5,64,000 रूपये हैं।

**विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC / IQAC Cell):-**

**समन्वयक :- डॉ० पी० एल० भाटिया**

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) शिक्षा हेतु समन्वय मानदण्डों के निर्धारण और अनुरक्षण करने वाली राष्ट्रीय संस्था है। यह केन्द्र एवं राज्य सरकारों तथा उच्च शिक्षा प्रदान करने वाली संस्थाओं के बीच समन्वयक संस्था के बीच कार्य करता है। जो सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालयों व महाविद्यालयों को अनुदान प्रदान करता है और संसाधनों एवं सुविधाओं के आधार पर ग्रेडिंग की जाती है। महाविद्यालय द्वारा NAAC की मान्यता के लिए आवेदन किया था। 14-15 फरवरी 2019 को NAAC टीम द्वारा महाविद्यालय का निरीक्षण किया गया। जिसमें महाविद्यालय ने सीमित संसाधनों के बावजूद भी 1.57 CGPA के साथ C Grade प्राप्त किया जो कि महाविद्यालय के लिए अति हर्ष का विषय है। इस निरीक्षण के दौरान प्राचार्या प्रो० नीना वासुदेवा, NAAC समन्वयक डॉ० पी० एल० भाटिया, शिक्षक एवं गैर शिक्षक वर्ग, पी०टी०ए० प्रधान श्री हेमराज एवं कार्यकारिणी, पूर्व छात्र संघ ने विशेष भूमिका निभाई।

**करियर काऊंसलिंग एण्ड गाईडेन्स :- समन्वयक :- डॉ० प्रेम सिंह कटवाल**

विद्यार्थियों की वास्तविक क्षमता का पता लगाने के लिए काऊंसलिंग जरूरी है। विद्यार्थियों को काउंसलिंग के माध्यम से सहायता और प्रेरणा के लिए महाविद्यालय में अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें 12-09-2018 को Policies and Programme in Horti-culture विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें डॉ० राजकुमार ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया इसके अतिरिक्त Carrrer in Defence forces, strengthing of Democracy, Future Programme after graduation इत्यादि गतिविधियों का अयोजन किया गया जिसमें सम्बन्धित विभागों से आये विशिष्ट वक्ताओं ने विद्यार्थियों को लाभान्वित किया।

**राष्ट्रीय सेवा योजना :- प्रभारी :- प्रो० रेखा शर्मा**

इस महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की आधी इकाई कार्य कर रही है जिसमें 50 स्वयंसेवी पंजीकृत हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी प्रो० रेखा शर्मा के मार्गदर्शन में NSS की स्थानीय इकाई द्वारा सत्र 2018-19 में निम्न गतिविधियाँ करवाई गई।

1) 01-08-2018 से 15-08-2018 तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया।
2) 07-08-2018 को 'नशा निवारण' रैली का आयोजन कर समाज को जागरूकता का सन्देश दिया।
3) 01 दिसम्बर से 07 दिसम्बर 2018 तक सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। विभिन्न सत्रों में विद्यार्थियों को यातायात सुरक्षा नियम, नशा निवारण, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिए गए।

**रोवरस और रेनजरस :- समन्वयक :- प्रो० पी० एस० कटवाल**

इस शैक्षणिक सत्र में महाविद्यालय में रोवरस एण्ड रेनजरस का गठन भी किया गया। NSS के अतिरिक्त यह दूसरी सामाजिक योजना है जो विद्यार्थियों में अनेक गुणों का संचार करती है। 06-10-2018 को इस यूनिट का इस महाविद्यालय में शुरूआत हुई। प्रो० पी० एस कटवाल समन्वयक के रूप में कार्य कर रहे हैं इसमें 16 विद्यार्थी रोवरस और 16 विद्यार्थी रेनजरस के पंजीकृत हैं। रोवरस प्रभारी प्रो० दामोदर गौत्तम व रेनजरस प्रभारी प्रो० अनुप्रिया कार्य कर रही है। महाविद्यालय में इस इकाई द्वारा स्वच्छता शिविर का आयोजन किया गया।

**छात्रवृत्तियाँ :-** अध्ययन में आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से हि०प्र० सरकार विद्यार्थियों को छात्रवृत्तियाँ प्रदान करती है जिसका आवेदन छात्र ऑनलाईन करते हैं। सत्र 2017-18 में 3,83,842 रूपये छात्रवृत्तियों के लिए प्रस्तावित है जिसमें कल्पना चावला छात्रवृत्ति योजना के लिए 1,20,000 अनुसूचित जाति के लिए (फ्रेश) 1,34,592 एवं रिन्यूवल 59,258, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए (फ्रेश) 8,292 एवं रिन्यूवल 14,144, अनुसूचित जनजाति के लिए (फ्रेश) 4,356 तथा आई०आर०डी०पी० के लिए 43,200 रूपये की राशि प्रस्तावित है। सत्र 2018-19 में आई०आर०डी०पी० के 26 विद्यार्थियों ने, अनुसूचित जाति के 29 विद्यार्थियों ने अन्य पिछड़ा वर्ग के 04 विद्यार्थियों ने, कल्पना चावला के 05 विद्यार्थियों ने तथा अनुसूचित जनजाति के 01 विद्यार्थी ने छात्रवृत्तियों के लिए ऑनलाईन आवेदन किया है।

**अध्यापक अभिभावक संघ :** इस महाविद्यालय के उत्थान में अध्यापक अभिभावक संघ निरन्तर सक्रिय भूमिका निभा रहा है। 2016 से पी०टी०ए० निधि से नवनिर्मित भवन की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए एक महिला सफाई कर्मचारी को मासिक मानदेय पर रखा गया है। वर्तमान में 4000 रूपये मासिक मानदेय उसे दिया जा रहा है। आर्थिक रूप से कमजोर अथवा मातृपितृ विहीन पढ़ाई में योग्य जरूरतमन्द विद्यार्थियों को विशेष राशि पी०टी०ए० द्वारा दिये जाने का प्रावधान किया है। इसके लिए हम पी०टी०ए०कार्यकारिणी के आभारी हैं। सत्र 2018-19 के लिए साधारण सभा में 08-09-2018 को सर्वसहमति से कार्यकारिणी का गठन किया गया। पी०टी०ए० द्वारा NAAC PEER टीम के दौरान अपनी उपस्थिति दर्ज की व महाविद्यालय के विकासात्मक कार्य के लिए समय-समय पर महत्वपूर्ण सहयोग दिया है। कार्यकारिणी निम्न प्रकार से है :-

1) श्री हेम राज चन्देल - प्रधान
2) श्री मच्छिन्द्र नाथ भारती - उप-प्रधान
3) डॉ० पी० एल० भाटिया - सचिव
4) श्री अश्वनी कुमार - सह सचिव
5) श्री उपेन्द्र कुमार - कोषाध्यक्ष
6) श्री जगदीश राम - मुख्य सलाहकार

**छात्र संघ चुनाव :-** 2018-19 के लिए छात्र संघ की केन्द्रीय परिषद के पदाधिकारी मैरिट के आधार पर मनोनीत किये गए तथा 09-10-2018 को मनोनीत पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

1) कंचन कुमारी बी०ए० पंचम सत्र - प्रधान

2) सुनिधि शर्मा बी० कॉम० पंचम सत्र - उप प्रधान

3) तमन्ना शर्मा बी०एस०सी० प्रथम वर्ष - सचिव

4) शिल्पा देवी बी०ए० प्रथम वर्ष - सहसचिव

**पूर्व छात्र संघ (OSA)** सत्र 2018-19 में पूर्व छात्र संघ का इस महाविद्यालय में गठन किया गया। कार्यकारिणी **NAAC** की टीम के दौरान महाविद्यालय को महत्त्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। कार्यकारिणी निम्न प्रकार से है :-

1) श्री मनोज कुमार - प्रधान

2) सुश्री रीनू नड्डा - उप-प्रधान

3) प्रो० सीता राम - महासचिव

4) श्री बलवीर सिंह - संयुक्त सचिव

5) सुश्री रीना कुमारी - कोषाध्यक्ष

## वार्षिक पत्रिका (रूक्मिणी धारा)

### मुख्य सम्पादक :- प्रो० अनुप्रिया

विद्यार्थियों की संरचनात्मक व लेखन सम्बन्धी प्रतिभाओं को निखारने हेतु महाविद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष **'रूक्मिणी धारा'** नामक पत्रिका का प्रकाशन किया जा रहा है। सत्र 2018-19 की महाविद्यालय पत्रिका का प्रकाशन कार्य प्रगति पर है। इस पत्रिका में लेख हिन्दी, अंग्रेजी, विज्ञान, वाणिज्य, पहाड़ी एवं योजना अनुभागों में संग्रहित किये जाते हैं मुख्य सम्पादक प्रो० अनुप्रिया कार्य कर रही है।

**विकास के लिए अपेक्षाएं :-** मान्यवर विकास एक सतत प्रक्रिया है तथा इस महाविद्यालय को समग्र विकसित संस्थान का रूप देने के लिए अभी तक बहुत कुछ करवाना शेष है। जिसके लिए आपका अनवरत सकारात्मक सहयोग अपेक्षित है। मैं कुछ मूर्त्त समस्याओं की तरफ आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहती हूँ :-

1) विज्ञान भवन का 8 मार्च 2019 को शिलान्यास किया गया, विज्ञान भवन के लिए अतिक्ति 7 बीघा भूमि का अधिग्रहण किया गया। अब महाविद्यालय की कुल लगभग 22.6 बीघा भूमि हो गई है। विज्ञान भवन के लिए 10 करोड़ 9 लाख की राशि स्वीकृत है जिसमें से महाविद्यालय को इसी सत्र में 48 लाख की राशि प्राप्त हो गई है। उम्मीद करते हैं कि आने वाले समय में शीघ्र ही विज्ञान संकाय का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

2) महाविद्यालय में क्रीड़ा मैदान एवं अन्य सुविधाओं की व्यवस्था के लिए प्रयास किए जाएंगे।

3) महाविद्यालय की चार दीवारी के लिए 14 लाख 54 हजार रूपये की राशि स्वीकृत हो चुकी है जिसमें से 7 लाख की राशि इसी सत्र में प्राप्त हो चुकी है। उम्मीद है कि शीघ्र ही इस कार्य को पूरा कर लिया जाएगा।

3) शारीरिक शिक्षक एवं वनस्पति विज्ञान प्राध्यापकों के अपेक्षित पद सृजित करवाकर प्राध्यापकों की यथाशीघ्र व्यवस्था की जाएगी तथा उच्च अधिकारियों को पुनः अवगत करवाऐंगे। जिससे क्षेत्र के विद्यार्थी विशेषतः छात्राएं लाभान्वित हो सकें।

हम आभारी है मुख्यातिथि महोदय के जिन्होंने अपने व्यस्त समय में से कुछ समय निकाल कर हमें अनुगृहीत किया। मैं उन सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई देती हूँ, जिन्हें आज पुरस्कार प्राप्त करने का सौभाग्य मिला। पुरस्कार सम्मान का द्योतक होता है तथा जीवन में प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करता है। जो विद्यार्थी किसी कारण से इस अवसर से चूक गए हैं वे भविष्य में कड़ी मेहनत करके प्रतिस्पर्धा में आ सकते हैं। इस वर्ष स्नातक स्तर तक का अध्ययन पूर्ण करने वाले समस्त विद्यार्थियों को शुभ कामनाएं देती हूँ तथा उनके उज्ज्वल एवं मंगलमय भविष्य की शुभेच्छा करती हूँ। मैं इस क्षेत्र की प्रबुद्ध जनता, विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों, सिंचाई एवं जनस्वास्थ्य विभाग, बिजली विभाग, वन विभाग, राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, जन प्रतिनिधि, अध्यापक-अभिभावक संघ के प्रधान एवं समस्त कार्यकारिणी एवं पूर्व छात्र संघ का उनके सहयोग के लिए आभार प्रकट करती हूँ। अच्छे परीक्षा परिणाम, खेल क्षेत्र में सुविधाओं का प्रयास, महाविद्यालय में सतत अनुशासन एवं शैक्षणिक गरिमा बनाए रखने का श्रेय मेरे सहयोगी कर्मठ प्राध्यापकों, कुशल कार्यालय कर्मचारियों एवं अनुशासित-छात्र समुदाय को जाता है जिसके लिए वे भी धन्यवाद के पात्र हैं। मैं अन्त में एक बार फिर मुख्यातिथि महोदय एवं गणमान्य अतिथियों का हमारे बीच उपस्थित होने पर हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करती हूँ।

धन्यवाद।

प्रो० नीना वासुदेवा
**प्राचार्या**
राजकीय महाविद्यालय झण्डूता
जिला बिलासपुर (हि०प्र०)